भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 24.02.2024

आरेडिका में रेलवे बोर्ड के सदस्य (ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टॉक) का दौरा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, में दिनांक–24.02.2024 को रेलवे बोर्ड के सदस्य (ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टॉक) श्री सतीश कुमार ने आरेडिका का दौरा किया। आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा और आरेडिका के उच्च अधिकारियों के साथ श्री कुमार कोच उत्पादन एवं निर्माण तकनीक का निरीक्षण किया।

श्री कुमार ने शैलशॉप, बोगीशॉप, व्हीलशॉप, फर्निसिंगशॉप आदि में कोच उत्पादन से संबंधित सामग्री के उचित रखरखाब के सुझाव दिए एवं मशीनों की कार्य दक्षता को परखा, मशीनों पर कार्य कर रहे कर्मचारियों से बात–चीत की, कोच उत्पादन में उपयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता की जाँच की। मेमो टेस्ट शैड में आरेडिका में निर्माणाधीन प्रथम मेमो की गति का निरीक्षण किया एवं विश्वस्तरी गुणवत्ता के कोचों के निर्माण हेतु सुझाव भी दिए।

इसी कड़ी में सदस्य श्री कुमार ने व्हील फैक्ट्री परिसर का दौरा किया और फैक्ट्री की अवसंरचना एवं क्रिया कलापों का निरीक्षण किया। व्हील फैक्ट्री के अधिकारियों ने कच्चे माल से लेकर फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण के सभी चरणों के बारे में जानकारी दी।

सदस्य महोदय ने रेल पहिया की सप्लाई चैन को प्रभावी बनाने के उपायों की चर्चा हेतु रेल व्हीलों की गुणवत्ता संबंधित मानकों का निरीक्षण किया एवं आरेडिका के उच्च अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया, जिससे यात्रियों की सफल एवं सुरक्षित यात्रा के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई श्री एस.एस.कलसी, सीएओ श्री संजय कुमार कटियार, पीसीईई श्री हरीश चन्द्र, पीसीएमएम श्री राजीव खण्डेलवाल, सीडीई श्री डीके सिंह, व्हील फैक्ट्री के जीएम सदानन्द सरकार सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

24.2.2024

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी